स्नातक में दाखिला. दोनों विवि में समर्थ पोर्टल से पूरी होगी प्रक्रिया

पीयू में कल व पीपीयू में 11 से आवेदन

संवाददाता, पटना

पटना विश्वविद्यालय (पीयू) और पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पीपीयू) में स्नातक में दाखिले की प्रक्रिया इस सप्ताह से शुरू हो जायेगी. पटना विवि में स्नातक में दाखिले के लिए नौ मई से समर्थ पोर्टल एक्टिव हो जायेगा. इच्छुक छात्रों को दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का मौका 10 से 30 मई तक मिलेगा. वहीं पाटलिपुत्र विवि में स्नातक में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 मई से शुरू होगा. विवि ने अभी ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि जारी नहीं की है. बता दें कि इस बार राज्य भर के विवि को स्नातक दाखिले की पूरी प्रक्रिया समर्थ पोर्टल से करना अनिवार्य है. पटना विवि और पाटलिपुत्र विवि भी दाखिले की पूरी प्रक्रिया समर्थ पोर्टल से करेगा. पटना विवि ने प्रत्येक कॉलेज की जानकारी समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन कर दी है. इसमें प्रत्येक कॉलेज में विषयवार सीटों की संख्या दी गयी है, जिससे दाखिला लेने वाले छात्रों को विषय चयन करने में सुविधा होगी. इसमें हर कॉलेज के विषय और उसमें सीटों की जानकारी आरक्षण के मुताबिक होगी, जिससे छात्र आवेदन करने के पहले तमाम कॉलेज और विषयों को जान सकें. डीन छात्र कल्याण प्रो कमलेश्वर पंडित ने बताया कि समर्थ पोर्टल का लिंक विवि की वेबसाइट पर नौ मई को डाल दिया जायेगा. 10 मई से ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिया जायेगा.

पाटलिपुत्र विवि में 24 शिक्षकों का ट्रांसफर विभिन्न पीजी विभागों में मिली जिम्मेदारी

पटना. पाटलिपुत्र विवि ने विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों में शिक्षकों का स्थानांतरण किया है. विश्वविद्यालय की स्थानांतरण समिति की 30 को हुई बैठक की अनुशंसा के आलोक में कुलपति के आदेशानुसार यह ऑफिस्ड्रान शुक्रवार को जारी कर दी. जारी आदेश के अनुसार 24 शिक्षकों को उनके वर्तमान महाविद्यालयों से स्थानांतरित कर विश्वविद्यालय के अलग-अलग स्नातकोत्तर विभागों में तत्काल प्रभाव से पदस्थापित किया गया है. स्थानांतरित होने वाले शिक्षकों में डॉ मनोज कुमार (एएसी एंड आर्किटेक्चरॉल), विशाल विजय (अर्थशास्त्र), डॉ शशि भूषण (भूगोल), डॉ मुकेश कुमार (इतिहास), पुष्पलता कुमारी (गृह विज्ञान), सुरेंद्र कुमार, डॉ अनुज कुमार सिंह, डॉ बिनीत लता (राजनीति विज्ञान), प्रो रूपकलाश प्रवीण, डॉ विजय कुमार यादवेंदु (मनोविज्ञान), डॉ अखिलेश कुमार (समाजशास्त्र), डॉ कुमार चेतांक (गणित), डॉ सूरज मंडल, डॉ रामप्रवेश कुमार (केमिस्ट्री), डॉ मनीष कुमार, डॉ अनंत कुमार (भौतिकी), डॉ रीतिका पांडेय (जंतु विज्ञान), डॉ प्रफुल्ल कुमार, डॉ मनीश संखधर व डॉ रेखा कुमारी (हिंदी) डॉ मो जमी व डॉ विजय कुमार मीणा (दर्शनशास्त्र) शामिल है. विवि प्रशासन ने संबंधित विभागाध्यक्षों व महाविद्यालयों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.

जनगणना के नाम पर ठगी के खिलाफ छात्रों को जागरूक करने का निर्देश

संवाददाता, पटना

जनगणना 2027 को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है. भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार ने इस संबंध में शिक्षा विभाग को एक पत्र भेजकर जागरूकता अभियान चलाने का अनुरोध किया है. विभाग ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी विद्यालयों की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को इस खतरे के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए, मकानों का सूचीकरण और गणना का कार्य 2 मई से 31 मई तक संचालित हो रहा है. इसी दौरान सोशल मीडिया पर कुछ भ्रामक संदेश और वीडियो वायरल हो रहे हैं. इन संदेशों में फर्जी दावा किया जा रहा है कि जनगणना कर्मी नागरिकों से उनके बैंक खाते की जानकारी, यूपीआई पिन, ओटीपी, पैन और आधार संख्या मांग रहे हैं. निदेशालय ने पूरी तरह स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान किसी भी व्यक्ति या परिवार से कोई भी वित्तीय जानकारी या गोपनीय पासवर्ड नहीं मांगा जाता है. इसके अलावा, किसी भी पहचान पत्र या बैंक दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी नहीं ली जाती है. हाल के दिनों में कॉल, एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए फर्जी लिंक भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने की कोशिश की जा रही है.

नवोदय विद्यालय समिति

क्षेत्रीय कार्यालय, पटना
शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)
भारत सरकार
विज्ञापन संख्या- 01/2026-27

पूर्णतः संविदा आधार पर सत्र 2026-27 हेतु परामर्शदाता (Counselor) (पुरुष/महिला) एवम छात्रावास अधीक्षक (Hostel Superintendents) (पुरुष /महिला) की सेवाएँ लेने हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय ,पटना के अंतर्गत बिहार ,झारखण्ड एवं बंगाल के अन्तर्गत नवोदय विद्यालयों में परामर्शदाता (पुरुष/महिला) एवम छात्रावास अधीक्षक(पुरुष /महिला) के लिये योग्य उम्मीदवारों से अनुबंध आधार पर सेवायें प्राप्त करने हेतु आनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं । पात्रता मापदण्ड एवं अधिक जानकारी के लिये नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय , पटना के वेब साईट (www.navodaya.gov.in/NVS/or/patna/en/home) अथवा link http:///www.crschooms.in/ and http://www.supschooms.in/ का अवलोकन करें।

इच्छुक अभ्यर्थी आनलाइन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 11 May 2026 को प्रातः 10.00 बजे से 21 May 2026 के दोपहर 12.00 बजे तक आवेदन कर सकते है।

साक्षात्कार 27 मैंर 28 May, 2026 को नविस, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में निर्धारित है। शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र उनकी ईमैल आईडी पर भेजा जाएगा।

उपायुक्त

एग्जाम अलर्ट

परियोजना प्रबंधक परीक्षा स्थगित

पटना. 30 मई को होने वाली परियोजना प्रबंधक (उद्योग विभाग) की परीक्षा बीपीएससी ने स्थगित कर दी है. इस परीक्षा के लिए 11600 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिये हैं. रिक्तियों की संख्या नौ है. बीपीएससी ने प्रशासनिक कारण को परीक्षा स्थगित करने की वजह बतायी है. इसकी नयी तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी.

कंपार्टमेंटल : आज भाषा की परीक्षा

पटना. हार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट विशेष व इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल परीक्षा में शनिवार को प्रथम पाली में विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय और वोकेशनल कोर्स के परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य भाषा विषयों की परीक्षा आयोजित होगी . इनमें उर्दू, मैथिली, संस्कृत, प्राकृत, मगही, भोजपुरी, अरबी, पर्सियन, पाली व बांग्ला विषय शामिल है . वहीं द्वितीय पाली में विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर साइंस, मल्टीमीडिया और वेब टेक्नोलॉजी और योगा व फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा ली जायेगी. वहीं शुक्रवार को प्रथम पाली में गृह विज्ञान व द्वितीय पाली में दर्शन शास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गयी.

आयुर्वेदिक कॉलेज के शताब्दी समारोह में लांच होगा डाक टिकट

26 जुलाई को मनाया जायेगा शताब्दी समारोह

संवाददाता, पटना

आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल के शताब्दी वर्ष पर डाक टिकट जारी करने की तैयारी चल रही है. वहीं, शताब्दी समारोह को यादगार बनाने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति को बुलाने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए कॉलेज प्रशासन ने एक प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग को भेजा है. स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से राष्ट्रपति को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा जायेगा. कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ उमा पांडेय ने बताया कि 26 जुलाई को आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल का सौ साल पूरा हो जायेगा. इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी है.

पीजी स्तर पर 15वां पाठ्यक्रम होगा शुरू

आयुर्वेदिक कॉलेज में वर्तमान में 14 पीजी कोर्स चल रहे हैं . अब कॉलेज इस सत्र से 15वां पाठ्यक्रम चलाने की योजना बना रहा है . यह एफीट्रल स्वास्थ्य और अनुपालनाम्ड अनुसंधान विभाग शुरू किया जायेगा . इसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग के पास अनुमति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है . अनुमति मिलने के बाद यह पाठ्यक्रम शुरू कर दिया जायेगा . प्रिंसिपल डॉ उमा पांडेय ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में आधुनिक चिकित्सा और पारंपरिक चिकित्सा को मिलाकर समग्र इलाज पर काम होगा.

शताब्दी वर्ष का डाक टिकट जारी करने के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बुलाने की तैयारी है.

सिमुलतला विद्यालय में 11वीं में नामांकन के लिए 14 मई तक आवेदन

पटना. सिमुलतला आवासीय विद्यालय में 11वीं में नामांकन के लिए शुक्रवार से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया, जो 14 मई तक चलेगा. यह आवेदन 104 सीटों पर नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए मांगा गया है. इनमें छात्रों के लिए 55 सीटें हैं, जिनमें 17 विज्ञान, 19 कला और 19 वाणिज्य विषय के हैं. छात्राओं के लिए 49 सीटें हैं, जिनमें 11 विज्ञान, 19 कला और 19 वाणिज्य के छात्र हैं. एससी, एसटी और दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थी को 760 रुपये परीक्षा शुल्क के रूप में जमा करना होगा, जबकि अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को 960 रुपये का भुगतान करना होगा. पैसा का भुगतान भी ऑनलाइन किया जायेगा. प्रवेश परीक्षा 120 अंकों की होगी. इसमें गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और बौद्धिक क्षमता से 30-30 प्रश्न आयेंगे. प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए न्यूनतम अंकों भी तय की गयी है, जो सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 34% और एससी, एसटी, महिला और दिव्यांग वर्ग के लिए 32% निर्धारित किया गया है.

भारत गणराज्य
विदेश मंत्रालय
भारत सरकार

कैलाश मानसरोवर यात्रा

विदेश मंत्रालय कैलाश मानसरोवर यात्रा - 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

यात्रा : 01 जनवरी 2026 को 18 से 70 वर्ष तक की आयु के भारतीय नागरिक

चयन : कंप्यूटरीकृत ड्रॉ से, चिकित्सा परीक्षण के उपरांत

पंजीकरण : केवल ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से; विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट : https://kmy.gov.in पर जाएं

CBC 14108/13/0001/2627

दूरभाष: 011-23088214

सिटी बाइट्स

श्रम संसाधन विभाग ने कहा-वैकेंसी की खबर फर्जी

पटना. श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड ने साफ किया है कि विभाग ने कोई रिक्ति नहीं निकाली है. सोशल मीडिया पर बोर्ड के अधीन लिपिक के 341 पद, परामर्शी के 75 पद पर बहाली का विज्ञापन वायरल है. विभाग ने साफ कहा है कि ऐसी कोई रिक्ति प्रकाशित नहीं हुई है. वह विज्ञापन भ्रामक व असत्य है. बोर्ड इस प्रकार की कोई वैकेंसी जारी नहीं की है. आम लोगों से अनुरोध करते हुए विभाग ने कहा है कि वे इस तरह की धोखाधड़ी से सतर्क रहें. साथ ही विभाग के आधिकारिक वेबसाइट का ही अनुसरण करें. विभाग की ओर से साइबर सेल में इसकी शिकायत भी की जायेगी.

आइसा ने छात्रों की गिरफ्तारी की निंदा की

पटना. ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), पटना विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष, तितीश कुमार और सचिव, सबा आफरीन ने इकबाल और नदवी छात्रावास के छात्रों की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की. आइसा ने कहा कि एक युवक की हत्या और उसकी पत्नी पर जानलेवा हमले के खिलाफ छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने इंसाफ की मांग को लेकर आवाज उठायी. लेकिन पुलिस प्रशासन ने इस लोकतांत्रिक विरोध को दबाया. 7 मई की रात पटना पुलिस द्वारा इकबाल हॉस्टल में की गयी छापेमारी और छात्रों की गिरफ्तारी इस बात का संकेत है कि जिन छात्रों ने पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की, उन्हें ही निशाना बनाया गया. 10 छात्रों को गिरफ्तार करना और उनमें से तीन को बेऊर जेल भेज देना लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है. यह कार्रवाई छात्रों में डर और खामोशी थोपने की कोशिश है, जिसे हम किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे. आइसा ने पटना विश्वविद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार से मांग की है कि सभी गिरफ्तार छात्रों को तुरंत रिहा किया जाये और इस पूरी कार्रवाई की निष्पक्ष जांच हो.

नॉन अटेंडिंग पढ़ाई से बच्चों को बचाएं: आचार्य श्री

पटना. शिक्षाविद और आचार्य श्री सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल के संस्थापक राज ऋषि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने बच्चों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है. उन्होंने अभिभावकों और छात्रों को नॉन अटेंडिंग पढ़ाई के बढ़ते चलन से अनिवार्य रूप से बचने की सलाह दी है. आचार्य श्री ने कहा कि आजकल गलत प्रचार के जरिए बच्चों को भ्रमित किया जा रहा है कि बिना नियमित स्कूल जाये भी डॉक्टर या इंजीनियर बना जा सकता है. उन्होंने इसे एक भयावह कारक देते हुए कहा कि बड़ी-बड़ी संस्थाओं ने कोचिंग के नाम पर ऐसा तंत्र खड़ा कर दिया है, जहां बच्चों को केवल एक सामान्य वस्तु समझा जाता है. लाखों बच्चे और अभिभावक इस भ्रम में पड़कर अपना पैसा और भविष्य दोनों बर्बाद कर रहे हैं. आचार्य श्री ने स्पष्ट किया कि पढ़ाई में कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता. दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में बच्चों की रुचि के अनुसार नींव रखी जानी चाहिए और स्कूल में ही उनका फाउंडेशन तैयार होना चाहिए.

अधिकार प्राप्त समिति की हुई बैठक

पटना. बिहार राज्य के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (इसी-आरआरबी) पर अधिकार प्राप्त समिति की 77वीं बैठक भारतीय रिजर्व बैंक, पटना द्वारा आयोजित की गयी. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पर अधिकार प्राप्त समिति (इसी-आरआरबी) की स्थापना आरआरबी के विभिन्न वित्तीय और परिचालन संकेतकों पर उनके प्रदर्शन की निगरानी और उस पर चर्चा के लिए एक मंच के रूप में की गयी है. बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने की . नाबार्ड के मुख्य प्रबंधक गौतम कुमार सिंह, अध्यक्ष बिहार ग्रामीण बैंक के मुकुल सहाय, उप महाप्रबंधक बलिकरन यादव और पीएनबी और जीविका के प्रोजेक्ट समन्वयक पुष्पेंद्र तिवारी भी उपस्थित थे.

एलपीजी की गड़बड़ी रोकने को 28 धावा दल सक्रिय

पटना. राजधानी में एलपीजी गैस की आपूर्ति और वितरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी डॉ चागरागन एसएम ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है. उन्होंने उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग न करने और गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाने की अपील की है. जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि गैस की कालाबाजारी, होर्डिंग या ओवरप्राइसिंग की शिकायत मिलने पर दोषियों के विरुद्ध एमसी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तुरंत गिरफ्तारी की जाये. गड़बड़ी रोकने के लिए प्रखंड स्तर पर 28 धावा दल सक्रिय हैं, जो होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलिंडरों के अवैध उपयोग की जांच कर रहे हैं. साथ ही, पीएनजी को मिशन मोड में बढ़ावा दिया जा रहा है.

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सम्पत्ति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के तहत अचल निर्धारित तारीखों के प्रतिभूतिधारकों एवं गुरनिर्धारित एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा हमने प्राप्त कर लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/प्राधिकृत कार्यपालक को अपने कब्जाधार की सूचना के लिए नीचे दी गई तारीख में प्रतिभूतिहित नियम 9 के "नोटिस के चरण में", "नोटिस के बाद में" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से मूलधनी लेनदार, आकस्मिक खर्च और कब्जा तक लागू नीचे दी गई सीमाओं में सम्बंधित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A (नियम 9 (1) का प्रावधान देखें)(सूचीबद्ध परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लोट सं.	शाखा का नाम खाते का नाम उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सांकेतिक अभिरुचि 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सांकेतिक अभिरुचि 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	(क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) (ख) ईएमडी (ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ज्ञानभारों का विवरण
1	शाखा: ससाराम (084600) खाता संख्या- 084600870000649, 084600EG00000011, 084600182003295 एवं 084600ILO0000300 मेसर्स कुमार ब्रदर्स इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड पता- महरसा रोड, मार्ट संख्या-10, ससाराम, रोहतास, बिहार- 821115, यहां भी- मौर्य मार्केट, धर्मराजा रोड ससाराम, रोहतास, बिहार- 821115 ईमेल: k.k.sasaram@gmail.com श्री सुजीत कुमार सिंह, (प्रबंध निदेशक) मेसर्स कुमार ब्रदर्स इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड पता- कुशल संकल्प 2, कुशल राम पलाजा, एनजीबिहार रोड, दक्षिण गांधी मैदान, राजा जी सरायं, ईदल नगर, पटना, बिहार- 800001, मो- 8294907204, यहां भी- मौर्य मार्केट, धर्मराजा रोड, ससाराम, रोहतास, बिहार- 821115, यहां भी- वार्ड संख्या- 6, कुशवंश, ससाराम, रोहतास, बिहार- 821115, मोबाइल- 8294907204 श्री पारस सिंह पिता श्री बहु सिंह (गारंटर) पता- मोहल्ला- शिवालयंत्र, चानाक रोड, ससाराम रोहतास बिहार-821115, मो- 9431401323 श्री राकेश रंजन पिता लाल मोहन सिंह (गारंटर) पता- मोहल्ला- श्री कृष्णा नगर, महावीर स्थान, कुशवंश, ससाराम, रोहतास बिहार-821115, मो- 9430581385 श्री अजीत प्रकाश पिता राम प्रकाश सिंह (गारंटर) पता- ग्राम- परसमुडां, पोस्ट- परसमुडां, थाना-कोचस, रोहतास बिहार 821108, मो.- 7739699330 श्री सुजीत कुमार सिंह पिता जगनारायण सिंह (गारंटर) पता- मकान संख्या- 312, शिवनगर, शिव मंदिर के पीछे, ससाराम, रोहतास, बिहार- 821115, मो.- 9431485554 श्री प्रवीण कुमार, (निदेशक) मेसर्स कुमार ब्रदर्स इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड, पता- कुशल संकल्प- 2, कुशल राम पलाजा, एनजीबिहार रोड, दक्षिण गांधी मैदान, राजा जी सरायं, ईदल नगर, पटना, बिहार- 800001, मो- 8294907204, यहां भी- मौर्य मार्केट, धर्मराजा रोड, ससाराम, रोहतास, बिहार- 821115, यहां भी- वार्ड संख्या- 6, कुशवंश, ससाराम, रोहतास, बिहार- 821115, मोबाइल- 8294907204 श्री पारस सिंह पिता श्री बहु सिंह (गारंटर) पता- मोहल्ला- शिवालयंत्र, चानाक रोड, ससाराम रोहतास बिहार-821115, मो- 9431401323 श्री राकेश रंजन पिता लाल मोहन सिंह (गारंटर) पता- मोहल्ला- श्री कृष्णा नगर, महावीर स्थान, कुशवंश, ससाराम, रोहतास बिहार-821115, मो- 9430581385	(क) 25.10.2024 (ख) रू.2,37,28,697.12 + अतिरिक्त ब्याज (ग) 10.01.2025 (घ) सांकेतिक	(क) रू. 71,72,300/- (ख) रू. 7,17,230/- (ग) रू. 25,000/-	दिनांक 26.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	एतद् संपत्ति डीआरटी, पटना के समक्ष दर्शित है।
		भूमि स्थित : मौजा-भटोहरा, थाना-ससाराम, जिला-रोहतास, थाना संख्या-118, हल्का संख्या-6, खाता संख्या-179, प्लॉट संख्या-432, रकबा-56 ¼ डिसमिल (16 कट्ठा) बिक्री विलेख संख्या- 15171 दिनांक 16.12.2011 श्री प्रवीण कुमार एवं श्री रंजन रंजन कुमार, दोनों के पिता स्वर्गीय लाल मोहन सिंह के नाम पर है। चौहद्दी- उत्तर-जगदीश पासवान, दक्षिण-चंदेश्वरी, पूर्व-गिरा, पश्चिम-ससाराम मार्ग	(क) रू. 70,38,000/- (ख) रू. 7,03,800/- (ग) रू. 25,000/-		
		भूमि स्थित- मौजा – मिर्जापुर, थाना- ससाराम, वार्ड संख्या- 34 (नया)/64 (पुराना), थाना संख्या- 139, आर.एस. खाता संख्या- 40, आर.एस. प्लॉट संख्या- 249, एम.एस. खाता संख्या- 1656/1657, एम.एस. प्लॉट संख्या- 576, बेसमेन्ट- 12 डेसिमल, विक्रय विलेख संख्या- 11944 दिनांक 06.08.2013, श्री सुजीत कुमार पिता श्री जगनारायण सिंह एवं श्री प्रवीण कुमार पिता स्वर्गीय लालमोहन सिंह के नाम पर है। चौहद्दी- उत्तर- प्लॉट संख्या- 248, दक्षिण- 6 फीट रास्ता, पूर्व- बाचदार अजीत प्रकाश, पश्चिम- रास्ता	(क) रू. 16,57,500/- (ख) रू. 1,65,750/- (ग) रू. 25,000/-		
		भूमि स्थित- मौजा- मिर्जापुर, वार्ड संख्या- 34, थाना- ससाराम, खाता संख्या- आरएस-40/एमएस-576, प्लॉट संख्या- आरएस-249/एमएस-1649, बेसमेन्ट- 3 डेसिमल, बिक्री विलेख संख्या 11940 दिनांक 06.08.2013 श्री अजीत प्रकाश पिता श्री जन प्रकाश सिंह के नाम पर है। चौहद्दी- उत्तर- प्लॉट संख्या- 249, दक्षिण- रास्ता, पूर्व- प्लॉट संख्या- 249, पश्चिम- हाल बाचदार गुलाब सुकुल	(क) रू. 20,82,500/- (ख) रू. 2,08,250/- (ग) रू. 25,000/-		
		भूमि एवं भवन स्थित- मौजा- दिनोबल्ला, थाना- हाजीगंज, जिला- पैसलौनी, थाना संख्या-105, फॉर्म संख्या- F 05, पहली मंजिल, निर्मित बेडरूम- 1040 वर्ग फुट, चारदा विहार, ब्लॉक- डी, फेज- 1, हल्का संख्या- 8, खाता संख्या- 536 एवं 350, खेसरा संख्या- 4638 एवं 4639, अविभाजित भूमि 0.37 डेसिमल (162 वर्ग फुट) जिसमें कार पार्किंग के लिए जगह शामिल है, विक्रय विलेख संख्या- 2139 दिनांक 24.03.2014 श्री सुजीत कुमार पिता श्री जगनारायण सिंह के नाम पर है। चौहद्दी- उत्तर- 20 फुट चौड़ा रास्ता, दक्षिण- फ्लैट संख्या- F 06 डी ब्लॉक, पूर्व- फ्लैट संख्या- F 03 डी ब्लॉक, पश्चिम- ससाराम मार्ग	(क) रू. 20,82,500/- (ख) रू. 2,08,250/- (ग) रू. 25,000/-		
		भूमि एवं भवन स्थित- मौजा- दिनोबल्ला, थाना- हाजीगंज, जिला- पैसलौनी, थाना संख्या-105, फॉर्म संख्या- F 06, पहली मंजिल, निर्मित बेडरूम- 1040 वर्ग फुट, चारदा विहार, ब्लॉक- डी, फेज- 1, हल्का संख्या- 8, खाता संख्या- 536 एवं 350, खेसरा संख्या- 4638 एवं 4639, अविभाजित भूमि बेच- 0.37 डेसिमल (162 वर्ग फुट) जिसमें कार पार्किंग भी जगह भी शामिल है। विक्रय विलेख संख्या- 2138 दिनांक 24.03.2014 श्री प्रवीण कुमार पिता श्री स्वर्गीय लालमोहन सिंह के नाम पर है। चौहद्दी- उत्तर- 20 फुट चौड़ा रास्ता, दक्षिण- फ्लैट संख्या- F-04, डी ब्लॉक, पश्चिम- ससाराम मार्ग	(क) रू. 20,82,500/- (ख) रू. 2,08,250/- (ग) रू. 25,000/-		

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां उपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का नियमन सरिफाइन अधिकारी की पर्याप्त जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में बिक्री की त्रुटि, गलत विवरण या भूल के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अभ्यर्थनाओं द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से 26.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.punbiindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी स्वीकार करने या रामी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या बिक्री को स्थगित किया बोली बढ़ाना बढ़ाना नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/संशोधित करने या घटाने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | बिक्री की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | प्राधिकृत अधिकारी

Kühl
Stylish Fans

सुंदर पंखो से घर सजाएं

Polariz Star 66

Platin D8

Centauri 5

बी एल डी सी पंखे
बिजली भी बचाएं

- ज़्यादा एयर फ्लो दे
- कम आवाज़ करे
- डाउन लाइट
- बी एल डी सी मोटर

Remote Phone WiFi Alexa
'रिमोट, स्मार्टफोन, वाईफई/आई ओ टी और एलेक्सा से चले

*T&C Apply

Kühl Prima A3-DU0 Kühl Arctis A8

Price Range: ₹2500 to ₹29000

Scan to see products & videos
Buy Online on:
Scan to Locate Nearest Dealer
*Available Colours: BLACK BROWN TEAK WHITE

BIHAR: • Patna: Chandni Electricals - 9576607690, Sushila Enterprises - 9798751300, Binod Electricals - 8877939522, Bombay Hardware And Electricals - 7903230180, Rajshree Electricals - 9334124630, Suman Electricals - 9386738094 • Gaya: Shambhavi Enterprises - 8210196588 • Nalanda: Vaishnavi Electricals - 9801518949 • Vaishali: Maa Durga Enterprises - 9472094993 • Hajipur: Suman Enterprises - 9264115234 • Mujaffarpur: Narayan Enterprises - 8862908067 • Pupri, Sitamadhi: Roshani Mahal - 9470806725 • Bhagalpur: Agarwal Electronics - 9572156149

Kuhl102-0526